# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## अब आम निवेशक भी खरीद सकेगें बिटकॉइन! Morgan Stanley लेने जा रही है Crypto Trading पर बड़ा फैसला।


Publisher

Published on 02 May 2025





### Morgan Stanley बड़े क्रिप्टो फर्मों के साथ साझेदारी कर रही है, ताकि ग्राहकों को बिटकॉइन और ईथर जैसी लोकप्रिय डिजिटल करेंसी की खरीद-बिक्री का विकल्प मिल सके.

बिटकॉइन और ईथर जैसे क्रिप्टोकरेंसी में अब आम निवेशक भी बड़ी आसानी से निवेश कर सकेंगे, क्योंकि अमेरिका का दिग्गज बैंक Morgan Stanley अपने लोकप्रिय ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ETrade पर क्रिप्टो ट्रेडिंग शुरू करने की तैयारी में है.

यह कदम अमेरिका के किसी भी बड़े बैंक द्वारा क्रिप्टो को आम ग्राहकों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा प्रयास माना जा रहा है. फिलहाल यह प्रोजेक्ट शुरुआती चरण में है और इसके 2026 में लॉन्च होने की संभावना जताई जा रही है.

क्या है पूरा मामला ?
ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी बड़े क्रिप्टो फर्मों के साथ साझेदारी कर रही है, ताकि ग्राहकों को बिटकॉइन और ईथर जैसी लोकप्रिय डिजिटल करेंसी की खरीद-बिक्री का विकल्प मिल सके.

Morgan Stanley के इस कदम के साथ ही इसका मुकाबला Robinhood और Coinbase जैसे मौजूदा क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स से तेज़ हो जाएगा. वहीं, इसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी Charles Schwab ने भी इसी साल क्रिप्टो ट्रेडिंग शुरू करने की योजना की बात की है. दोनों कंपनियों की इस घोषणा से क्रिप्टो सेक्टर में कंपटीशन तेज़ होने की पूरी संभावना है.

क्रिप्टो को लेकर बदल रहा है नजरिया
दरअसल, अमेरिका में क्रिप्टो को लेकर सरकारी नजरिया बदल चुका है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद क्रिप्टो फ्रेंडली पॉलिसीज़ का दौर शुरू हुआ है. ट्रंप ने अपनी चुनावी मुहिम में डिजिटल कलेक्टिबल्स लॉन्च किए, क्रिप्टो से जुड़े

डोनेशन स्वीकार किए और अमेरिका को “दुनिया की क्रिप्टो राजधानी” बनाने की बात कही.

उनके कार्यकाल की शुरुआत में ही कई पुराने नियम हटाए गए, जिससे बैंकों को डिजिटल एसेट्स की दिशा में कदम बढ़ाने की खुली छूट मिल गई. SEC और फेडरल रिजर्व जैसी संस्थाओं ने भी क्रिप्टो को लेकर पुराने दिशा-निर्देश वापस ले लिए हैं.

Morgan Stanley का बड़े फैसला

Morgan Stanley पहले से ही E*Trade के जरिए क्रिप्टो ETF, फ्यूचर्स और ऑप्शन्स जैसी सेवाएं देता रहा है. अब कंपनी ने इसे और आगे ले जाते हुए स्पॉट ट्रेडिंग, यानी सीधी क्रिप्टो खरीद-बिक्री शुरू करने का फैसला लिया है. कंपनी के CEO टेड पिक का कहना है कि वे रेगुलेटर्स से बातचीत कर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह सेवा पूरी तरह सुरक्षित और ग्राहकों के हित में हो.

इस कदम से Robinhood जैसी कंपनियों को सीधी टक्कर मिलेगी, जिसने वर्षों पहले क्रिप्टो ट्रेडिंग शुरू कर दी थी और हाल ही में उनकी क्रिप्टो से होने वाली कमाई ने ऑप्शन्स से होने वाली कमाई को भी पीछे छोड़ दिया. इतना ही नहीं, अब SoFi जैसी फिनटेक कंपनियां भी फिर से क्रिप्टो इन्वेस्टिंग को अपने प्लेटफॉर्म पर लाने पर विचार कर रही हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.